प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सुनियोजित प्रतिक्रिया पर जोर दिया।
- राज्य के तीनों विद्युत वितरण निगमों में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बिजली की दरों में कोई बढोतरी नहीं–पौने दो करोड उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत।
- गुड फ्राइडे आज–प्रदेश के विभिन्न गिरिजाघरों में हो रहे है विशेष धार्मिक आयोजन।
- प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज–मौसम विभाग ने आज और कल कई हिस्सों में आंधी और बारिश की संभावना जताई है।

00000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे निगरानी और सुनियोजित प्रतिक्रिया पर जोर दिया है। रक्षा मंत्री ने कल नई दिल्ली में मंत्रियों के अनौपचारिक अधिकार प्राप्त समूह की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। बैठक के दौरान, सचिवों के सात अधिकार प्राप्त समूहों ने स्थिति से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन उपायों से कपड़ा, पैकेजिंग और फार्मास्यूटिकल्स सहित अन्य क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम होगा और देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित होगी तथा निवेश करने के इच्छुक लोगों को आवश्यक स्पष्टता मिलेगी। मंत्री समूह को बताया गया कि एल.पी.जी. वितरकों के यहां आपूर्ति समाप्त होने की कोई खबर नहीं है तथा घरेलू एलपीजी की किल्लत जैसी कोई स्थिति नहीं है। बैठक में संघर्ष से उत्पन्न किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले अगले कदमों पर भी विचार–विमर्श किया गया।

0000

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतेरश ने पश्चिम एशिया संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया है। श्री गुतेरश ने कहा कि अमरीका और इस्राएल के लिए इस युद्ध को रोकने का यह सही समय है, जो भारी मानवीय पीड़ा और विनाशकारी आर्थिक परिणामों को जन्म दे रहा है। उन्होंने ईरान से पड़ोसी देशों पर हमले बंद करने का आग्रह किया। एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि संघर्ष तब समाप्त होते हैं जब नेता विनाश के बजाय संवाद को चुनते हैं। श्री गुतेरश ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और कूटनीति पर जोर दिया।

0000

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विदेशी मुद्रा काउंटरों पर अब अनिवासी भारतीयों को भी भारतीय रुपये के नोट बदलने की अनुमति दे दी है। यह सेवा पहले केवल गैर भारतीयों के लिए उपलब्ध थी। यात्री आव्रजन या सीमा शुल्क डेस्क के आगे ड्यूटी–फ्री क्षेत्र या सुरक्षा क्षेत्र में मौजूद विदेशी मुद्रा काउंटरों से भारतीय रुपये के नोट बदल सकेंगे।

0000

रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान श्री मंटुरोव ने प्रधानमंत्री मोदी को व्यापार और आर्थिक साझेदारी, उर्वरक, संपर्क और जन–संबंधों सहित पारस्परिक सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की जानकारी दी। श्री मोदी ने भारत–रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से वार्षिक शिखर सम्मेलन के परिणामों को लागू करने की दिशा में दोनों पक्षों द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

000

जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इस आदेश के बाद प्रदेश के पौने दो करोड़ से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तुत वार्षिक राजस्व की आवश्यकता (एआरआर) और टैरिफ याचिकाओं पर सुनवाई के बाद राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग ने कल अपना आदेश जारी किया।

टैरिफ को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में तीनों डिस्कॉम ने याचिका में एमआईपी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम विद्युत शुल्क 6 रुपये 30 पैसे प्रति यूनिट से घटाकर 6 रुपये प्रति यूनिट करने, स्ट्रीट लाइटिंग को डे टाइम टैरिफ से छूट देने, ईवी चार्जिंग स्टेशंस को बढ़ावा देने के लिए इस पर फिक्स चार्जेज हटाना प्रस्तावित किया था, जिस पर राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग ने मंजूरी दे दी है।

0000

प्रदेश की एसआई, प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 2025 के और एसआई भर्ती, 2021 में भाग ले चुके अभ्यर्थी अब 5 व 6 अप्रैल को होने वाली भर्ती परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए अंतरिम राहत दे दी है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में शामिल होने मात्र से अभ्यर्थियों को कोई विशेष अधिकार प्राप्त नहीं होगा। ऐसे अभ्यर्थियों के परिणाम तब तक घोषित नहीं किए जाएंगे, जब तक संबंधित हाईकोर्ट अपना अंतिम निर्णय नहीं सुना देता। जस्टिस दीपाकंर दत्ता की खंडपीठ ने यह आदेश सूरजमल मीणा के प्रार्थना पत्र को निस्तारित करते हुए दिए। अदालत ने संबंधित अभ्यर्थियों को कहा है कि वे अदालती आदेश की कॉपी कल तक परीक्षा प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर जमा कराए और वहां से अपने प्रवेश पत्र प्राप्त करें। इधर राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा 2025 को लेकर स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। आगामी 05 और 06 अप्रैल को राज्य भर में आयोजित होने वाली इस परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले तत्वों की सटीक जानकारी देता है, तो उसे एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।एसओजी ने इन आपराधिक गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9530429258 भी जारी किया है, जिस पर मैसेज के जरिए सूचना साझा की जा सकती है।

0000

भारत और विदेश में लगभग 566 परीक्षा केंद्रों पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा – जे.ई.ई. (मेन) का दूसरा सत्र कल से शुरू हो गया है। ये परीक्षाएं 8 अप्रैल तक देश भर के 304 शहरों और देश के बाहर 14 शहरों में आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी लगभग 11 लाख 23 हजार उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आयोजित कर रही है। इस बीच, सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि परीक्षा के सुचारू और निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

0000

गेहूं खरीद पर 150 रूपये प्रति क्विंटल बोनस देने के निर्णय से राजस्थान गेहूं खरीद पर सबसे ज्यादा पैसा देना वाला राज्य बन गया है। यहां किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना में गेहूं बेचने पर केन्द्र के 2 हजार 585 रूपये के साथ ही राज्य सरकार 150 रूपये बोनस दे रही है जिससे किसान के खाते में कुल 2 हजार 735 रूपये प्रति क्विंटल आएगा। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कल सचिवालय में बैठक के दौरान यह बात कही। बैठक में मुख्य सचिव ने गेहूं की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न खरीद एजेंसियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

0000

आज गुड फ्राइडे है। यह दिन यीशु मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में मनाया जाता है। ईसाई धर्म का यह महत्वपूर्ण दिवस हर साल ईस्टर संडे से पहले आने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है। एक रिपोर्ट–

.....

आज दुनिया भर में गुड फ्राइडे गहरी आस्था और संवेदनाओं के साथ मनाया जा रहा है। यह वही दिन है, जब ईसा मसीह ने मानवता के प्रेम और क्षमा का संदेश देते हुए सलीब पर अपने प्राणों का बलिदान दिया था। राजधानी जयपुर सहित राज्य के सभी चर्चों में आज विशेष प्रार्थनाएं और 'क्रॉस यात्रा' आयोजित की जा रही है। श्रद्धालु शांत माहौल में उपवास रखकर और प्रार्थनासभा आयोजित कर इस दिन को याद कर रहे हैं। कई जगहों पर धार्मिक झांकियां और जुलूस भी निकाले जा रहे है।

गुड फ्राइडे केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि त्याग, करुणा और क्षमा का जीवंत संदेश है–जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। गुड फ्राइडे हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, सहनशीलता और क्षमा का मार्ग अपनाना चाहिए। गुड फ्राइडे केवल एक धार्मिक अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन और सकारात्मक बदलाव का संदेश भी है।

0000

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से कल मौसम के मिजाज में बदलाव देखे गये। श्रीगंगानगर, झुंझुनूं, बीकानेर, चूरू सहित कल कुछ अन्य शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। श्रीगंगानगर में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। पदमपुर सहित आस–पास के क्षेत्र में हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल को काफी नुकसान पंहुचा है। झुंझुनूं, बीकानेर और चूरू में दोपहर बाद मौसम बदला और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। इधर आज भी कई इलाकों में सुबह से बादल छाये हुए है। सवाईमाधोपुर में ठण्डी हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट देखी जा रही है। अजमेर के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बरसात हो रही है। भीलवाडा के आसिंद और गुलाबपुरा क्षेत्र में हल्की बारिश हुई है। चूरू से तेज आंधी और बारिश के समाचार है। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि यहां हुई तेज बारिश के चलते किसान अपनी फसलो को लेकर चिंतित है। मौसम विभाग जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी प्रदेश के कई भागो में तेज आंधी और बारिश के साथ कहीं–कहीं ओलावृष्टि होने की भी संभावना है।

0000